camh

# कोविड-19 टीका

## आमतौर पर पूछे जाने वाले सवाल

आमतौर पर पूछे जाने वाले सवाल

नई जानकारी के लिए आखिरी बार उद्दिनांकित: 17 मई 2021

### कोविड-19 के टीके कैसे विकसित किए गए? क्या ये सुरक्षित हैं ?

- जब कोविड-19 के बारे में सबसे पहले पता चला, तो पूरी दुनिया भर के वैज्ञानिक इससे लड़ने के लिए टीका बनाने में जुट गए। आमतौर पर टीका विकसित करने में बहुत समय लगता है। इस बार सब लोगों ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम किया कि, टीके को बनाने के कई चरणों को एक ही समय पर कार्यान्वित होने के लिए पर्याप्त धन, पर्याप्त लोग और सही उपकरण उपलब्ध हों। इस पूरी प्रक्रिया के हर एक चरण पर सुरक्षा जाँच की गई।
- हर साल वैज्ञानिक मौसमी फ्लू के लिए एक सुरक्षित, नया टीका विकसित करते हैं।
- जब कुछ नया होता है, तो उसके बारे में चिंतित होना या अनिश्चित होना एक आम बात है। हालांकि, हेल्थ कनाडा की एक सावधानीपूर्ण अनुमोदन प्रक्रिया है जो यह सुनिश्चित करती है, कि जितने भी टीके या दवाइयाँ हम ले रहे हैं, वे हमारे लिए सुरक्षित हैं।
- डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत काम किया है कि कनाडा में उपलब्ध चारों टीके सुरक्षित हैं। वे टीके की सुरक्षा पर लगातार किसी भी दुर्लभ दुष्प्रभाव के लिए नज़र रखे हुए हैं। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि हमें सुरक्षित और प्रभावी टीकों की आपूर्ति मिलती रहे।
- लाखों लोगों को टीके लगने के बाद यह पता चला, कि एस्ट्राज़ेनेका और जैनसन टीकों के कारण खून का एक बहुत ही दुर्लभ लेकिन गंभीर विकार, जिसे वैक्सीन-इंड्यूस्ड थ्रोम्बोटिक थ्रोम्बोसायटोपीनिया (vaccine-induced thrombotic thrombocytopenia, VITT) कहते हैं, हो सकता है। इस से खून के थक्के जम जाते हैं, ICU में भर्ती होना पड़ता है और इस से मृत्यु भी हो सकती है। हालांकि, सुरक्षा निगरानी इतनी कड़ी है कि वैज्ञानिक इस दुर्लभ दुष्प्रभाव पर ध्यान दे पाए और अब डॉक्टर इसे पहचान कर इसका इलाज करने मे समर्थ हैं।

### क्या एक से अधिक कोविड-19 टीके भी हैं?

- पूरे विश्व में बहुत से टीके विकसित किए जा रहे हैं। फिलहाल, कनाडा में चार टीके अनुमोदित किए गए हैं: फ़ाइज़र-बायोएनटेक (Pfizer-BioNTech) मॉडर्ना (Moderna), एस्ट्राज़ेनेका (AstraZeneca), और जॉनसन एण्ड जॉनसन (Johnson & Johnson) (जैनसेन, Janssen)। हो सकता है कि टीके अलग तरह से विकसित किए गए हों और थोड़ा बहुत अलग तरह से काम करते हों, लेकिन ये सभी आप को कोविड-19 से हो सकने वाली मृत्यु या अस्पताल में भर्ती होने की ज़रूरत से बचाएंगे।

*इस पूरे डॉक्युमेंट में जहाँ पर भी "टीका" लिखा है, वहाँ हम उन सभी टीकों की बात कर रहे हैं जो हेल्थ कनाडा द्वारा लगाए जाने के लिए अनुमोदित किए गए हैं।

## फ़ाइज़र-बायोएनटेक (Pfizer-BioNTech), मॉडर्ना (Moderna), एस्ट्राज़ेनेका (AstraZeneca), और जॉनसन एण्ड जॉनसन (Johnson & Johnson) के (जैनसेन, Janssen) टीकों में क्या अंतर है?

| टीके का नाम | फ़ाइज़र-बायोएनटेक | मॉडर्ना | एस्ट्राज़ेनेका | जॉनसन एण्ड जॉनसन |
|---|---|---|---|---|
| टीके का प्रकार | mRNA | mRNA | अडीनोवायरस आधारति | अडीनोवायरस आधारति |
| उम्र पात्रता | 12 और उसके ऊपर | 18 और उसके ऊपर | 18 और उसके ऊपर | 18 और उसके ऊपर |
| खुराक की संख्या | 2 खुराक | 2 खुराक | 2 खुराक | 1 खुराक |

### mRNA टीका क्या है?

- फ़ाइज़र-बायोएनटेक (Pfizer-BioNTech) और मॉडर्ना (Moderna), mRNA टीके हैं।
- mRNA पर शोध कुछ नया नहीं है। इस पर बहुत सालों से शोध होता आया है।
- mRNA आपकी कोशिकाओं को कोविड-19 वायरस से लड़ने वाले एंटीबडी बनाने का तरीका सिखा देता है।
- वैज्ञानिकों ने कोविड-19 वायरस में पाए जाने वाले "स्पाइक प्रोटीन" की पहचान की। उसके बाद उन्होंने आपके शरीर को वह स्पाइक प्रोटीन बनाने का तरीका सिखाने के लिए mRNA टीका बनाया।
- जब आपको टीका लगता है, तो वह आपकी कोशिकाओं को वह हानिरहित स्पाइक प्रोटीन बनाना सिखाता है। आपका इम्यून सिस्टम फिर उससे लड़ने के लिए एंटीबडी बनाता है। यदि आप कोविड-19 वायरस के संपर्क में आते हैं, तो आपके शरीर को मालूम होता है कि इससे कैसे लड़ना है। इसीलिए टीका लगवाने के बाद आपको मांसपेशियों में दर्द, बुखार और अन्य मामूली दुष्प्रभाव हो सकते हैं।
- अब आपका इम्यून सिस्टम वायरस याद रखेगा। यदि अब आप कोविड-19 वायरस के संपर्क में आते हैं, तो आपका शरीर उसे पहचान लेगा और आपको बीमार किए बिना उससे लड़ने में सक्षम होगा।
- टीके से आपको कोविड-19 नहीं होगा।

### अडीनोवायरस आधारित टीका क्या होता है?

- एस्ट्राज़ेनेका, और जैनसेन (जॉनसन एण्ड जॉनसन) अडीनोवायरस आधारित टीके हैं।
- अडीनोवायरस सामान्य वायरस होते हैं जो खांसी-जुखाम जैसे लक्षण पैदा कर सकते हैं।
- अडीनोवायरस-आधारित टीकों का भी सालों से अध्ययन किया जा रहा है। इन्हें आपके शरीर में दूसरे वायरस के जींस (DNA) पहुंचाने और आपकी कोशिकाओं को एंटीबडी बनाना सिखाने के लिए प्रयोग किया जाता है, लेकिन ये बीमारी का कारण नहीं बनते।
- कोविड-19 के टीके के लिए, वैज्ञानिकों ने टीके में कोविड-19 वायरस में से एक जीन डाल दिया।

*(पेज 3 पर जारी)*

***इस पूरे डॉक्युमेंट में जहाँ पर भी "टीका" लिखा है, वहाँ हम उन सभी टीकों की बात कर रहे हैं जो हेल्थ कनाडा द्वारा लगाए जाने के लिए अनुमोदित किए गए हैं।**

*(पेज 2 से आगे)*

- अडीनोवायरस टीका कोविड-19 वायरस का हानिरहित स्पाइक प्रोटीन बनाता है, जो आपके शरीर के इम्यून सिस्टम को वायरस से लड़ने के लिए एंटीबडी बनाने का निर्देश देता है।
- इसीलिए टीका लगवाने के बाद आपको मांसपेशियों में दर्द, बुखार और अन्य मामूली दुष्प्रभाव हो सकते हैं।
- अब आपका इम्यून सिस्टम कोविड-19 वायरस को याद रखेगा। यदि अब आप कोविड-19 वायरस के संपर्क में आते हैं, तो आपका शरीर उसे पहचान लेगा और आपको बीमार किए बिना उससे लड़ने में सक्षम होगा।
- टीके से आपको कोविड-19 नहीं होगा।

## क्या ज़्यादा एफ़िकेसी (टीका बीमारी से हुए प्रभाव को कितना कम करता है), की दर वाले टीके कम एफ़िकेसी दर वाले टीकों से बेहतर हैं?

- टीके की एफ़िकेसी नैदानिक अध्ययन का एक शब्द है। इसका मतलब है कि जिन लोगों ने टीका लिया है (उपचार समूह), उन में से नियंत्रित परिस्थितियों के भीतर, कोविड-19 के मामलों में उन लोगों की तुलना में कितनी कमी आई है, जिन्होंने टीका नहीं लिया है (प्लसीबो समूह)।
- प्रभावशीलता (इफएक्टिवनेस) एफ़िकेसी से अलग है - प्रभावशीलता का मतलब है कि टीका नैदानिक परीक्षणों में नहीं, बल्कि असल दुनिया में कितना कारगर सिद्ध हुआ है।
- कोविड-19 से होने वाली मृत्यु और अस्पताल में भर्ती होने से बचाने में चारों टीके काफी ज़्यादा प्रभावकारी हैं।
- चारों टीके आपको कोविड-19 के गंभीर लक्षणों, अस्पताल में भर्ती होने से, और इसके कारण होने वाली मृत्यु से बचाते हैं।
- आपको अलग-अलग एफ़िकेसी के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि अध्ययन दिखाते हैं कि सभी वे लोग जिन्होंने टीका लगवाया है, वे कोविड-19 के सबसे गंभीर

## कुछ टीकों की वजह से होने वाले खून के थक्कों के बारे के बारे में क्या कहेंगे?

- VITT एक दुर्लभ लेकिन गंभीर रक्त विकार है जो एस्ट्राज़ेनेका और जैनसन टीके लेने वाले लोगों को टीका लगवाने के 4 से 28 दिन के भीतर हो सकता है। VITT फ़ाइज़र या मॉडर्ना टीकों से संबंधित नहीं है।
- जिन लोगों में पहले से ही इसी तरह का विकार, जिसे हेपारिन- इंड्यूस्ड थ्रोम्बोसायटोपीनिया (heparin-induced thrombocytopenia, HIT), कहा जाता है, या जिन्हें दिमाग से संबंधित साइनस नर्व थ्रोम्बोसिस हो चुका है, उन्हें VITT होने का ज़्यादा खतरा है। इस विकार के कारण एक विशेष तरह के खून के थक्के जम जाते हैं, ICU में भर्ती होना पड़ता है और मृत्यु भी हो सकती है।
- कोविड-19 के कारण भी खून के थक्के जम सकते हैं, ICU में भर्ती होना पड़ता है और मृत्यु भी हो सकती है। कुछ मामलों में, एस्ट्राज़ेनेका और जैनसन टीकों से हो सकने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम कोविड-19 से हो सकने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्या के जोखिम से कम है। अपने जोखिमों के बारे में जानकारी प्राप्त करने और टीके लगवाने या ना लगवाने के निश्चय में मदद पाने के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से बात करें।

*(पेज 4 पर जारी)*

***इस पूरे डॉक्युमेंट में जहाँ पर भी “टीका” लिखा है, वहाँ हम उन सभी टीकों की बात कर रहे हैं जो हेल्थ कनाडा द्वारा लगाए जाने के लिए अनुमोदित किए गए हैं।**

*(पेज 3 से आगे)*

- एस्ट्राज़ेनेका टीकों से VITT होने के ज़्यादा जोखिम होने की वजह से ओंटारिओ सरकार ने इस विशेष टीके की पहली खुराक देने पर रोक लगाने का निश्चय किया है। यदि आप अपनी पहली खुराक ले चुके हैं, तो विश्वास रखें कि आपने बहुत प्रभावी टीका लगवाया है। आपको आपकी दूसरी खुराक के लिए कोई दूसरा टीका भी दिया जा सकता है।

## मुझे एस्ट्राज़ेनेका टीके की पहली खुराक मिल चुकी है। अब जबकि ओंटारिओ ने यह विशेष टीका देना रोक दिया है, तो मेरी दूसरी खुराक का क्या होगा?

- सबसे हाल में हुए जोखिम मूल्यांकन और फ़ाइज़र और मॉडर्ना टीकों की बढ़ती हुई उपलब्धता के आधार पर ओंटारिओ सरकार ने एस्ट्राज़ेनेका टीके की पहली खुराक देने पर रोक लगाने का निश्चय किया है।
- एस्ट्राज़ेनेका टीका अभी भी बहुत प्रभावी है, लेकिन इसको लेने में बहुत ही दुर्लभ रक्त विकार VITT हो जाने का खतरा है, जो पहली खुराक लेने के चार से 28 दिनों के भीतर विकसित होता है।
- अगर आपको पहली खुराक मिली है, तो आप यह जान लें कि आप कोविड-19 से बहुत ज़्यादा बीमार होने से काफी सुरक्षित हैं। आपकी दूसरी खुराक के लिए आपको एस्ट्राज़ेनेका दी जा सकती है या आपको फ़ाइज़र या मॉडर्ना लेने का विकल्प भी दिया जा सकता है। जैसे-जैसे आगे का मार्गदर्शन मिलता जाएगा, वैसे-वैसे हम इस FAQ में जानकारी जोड़ते जाएंगे।

## VITT के लक्षण क्या हैं?

- टीका लगवाने के बाद थकान, दर्द होना या सुई लगने वाली जगह पर दर्द होना बहुत सामान्य है। ये सब VITT के लक्षण नहीं हैं। यदि आपको चार से 28 दिन पहले एस्ट्राज़ेनेका की पहली खुराक मिली है, तो अब तक आपको पता चल गया होगा कि कौन से लक्षण हैं जो VITT होने का संकेत देते हैं। अगर एस्ट्राज़ेनेका टीका लगवाने के चार से 28 दिन के दौरान निम्नलिखित लक्षण अनुभव होते हैं, तो तुरंत अपने नज़दीकी इमरजेंसी रूम मे जाएं:
  - बहुत ज़्यादा सिरदर्द जो ठीक नहीं हो रहा हो
  - दौरे
  - अपने शरीर का अंग हिलाने में परेशानी
  - आँखों से धुंधला दिखने या चीजें दो-दो दिखने का कोई नया लक्षण जो ठीक ना हो रहा हो
  - बोलने में दिक्कत
  - सांस फूलना
  - सीने, पीठ या पेट में बहुत ज़्यादा दर्द
  - असामान्य रक्तस्राव या खरोंचें
  - नई तरह के लाल या नीले रंग के धब्बे या खून भरे छाले
  - आपके हाथ या पैर पर नई तरह की बहुत ज़्यादा सूजन, दर्द या बदला हुआ रंग।

***इस पूरे डॉक्युमेंट में जहाँ पर भी "टीका" लिखा है, वहाँ हम उन सभी टीकों की बात कर रहे हैं जो हेल्थ कनाडा द्वारा लगाए जाने के लिए अनुमोदित किए गए हैं।**

## यदि मैंने फ्लू का टीका लगवाया हुआ है, क्या तब भी मैं कोविड-19 का टीका लगवा सकता/सकती हूँ?

- हाँ, अगर आपने फ्लू का टीका लगवाया हुआ है, तब भी आप कोविड-19 का टीका लगवा सकते हैं। दोनों टीके लगवाने से कोई परेशानी नहीं होगी। फ्लू का टीका आपको फ्लू के वायरस से बचाता है, जो कोविड-19 के वायरस से अलग वायरस है। हालांकि, यदि आपने हाल ही में फ्लू का टीका या कोई भी और टीका लगवाया है तो आपको कोविड-19 का टीका लगवाने से पहले कम से कम 14 दिन (2 हफ़्ते) का इन्तज़ार करना होगा।

## क्या टीके से मेरी कोविड-19 के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाएगी और क्या मैं तब भी दूसरों को संक्रमित कर सकता हूँ?

- हाँ, टीके से आपकी कोविड-19 वायरस के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाएगी।
- वैज्ञानिक और डॉक्टर अभी भी अवलोकन कर रहे हैं कि क्या कोविड-19 का टीका लगवाने के बाद भी कोई व्यक्ति अन्य लोगों को कोविड-19 से संक्रमित कर सकता है।

## यदि मेरे पास कोई हेल्थ कार्ड या सरकार द्वारा जारी कोई पहचान पत्र नहीं है, तब भी क्या मैं टीका लगवा सकता/सकती हूँ?

- हाँ, सभी लोग बिना किसी हेल्थ कार्ड या किसी पहचान पत्र के टीका लगवा सकते हैं (जब उपलब्ध हो, तब)।

## जिन लोगों का इम्यून सिस्टम अच्छे से काम नहीं करता (इम्यूनो-कॉमप्रोमाइज्ड), क्या उन्हें भी कोविड-19 का टीका लगवाना चाहिए?

- जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमज़ोर है उन्हें कोविड-19 हो जाने का ज़्यादा खतरा है।
- कमज़ोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों में बहुत गंभीर कोविड-19 हो जाने के ज़्यादा खतरे की वजह से, यदि टीका लगवाने से उनके स्वास्थ्य पर कोई विपरीत प्रभाव ना पड़ता हो तो उन्हें कोविड-19 का टीका लगवा लेना चाहिए।
- इस तरह के लोगों के ऊपर टीके के प्रभावों के अभी तक सीमित प्रमाण ही हैं, लेकिन शोधकर्ता यह पता करने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या कमज़ोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों में भी टीके की वैसी ही प्रतिक्रिया होती है जैसी अन्य लोगों में होती है।
- टीका लेने से पहले यह जरूरी है कि आप अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम से बात करें और अपने केस के बारे में उनके साथ विचार-विमर्श करें।

## कोविड-19 का टीका मुझे कितने समय तक वायरस से बचाए रखेगा?

- अभी हम यह नहीं जानते कि कोविड-19 का टीका आपको कितने दिनों के लिए कोविड-19 के वायरस से बचाएगा, और क्या आपको बूस्टर शॉट्स की ज़रूरत पड़ेगी। इस सवाल का जवाब देने के लिए अभी और शोध करना ज़रूरी है।
- शोध बताते हैं कि जो लोग कोविड-19 से ग्रस्त हो कर ठीक हो चुके हैं, उनकी कम से कम कुछ समय तक कोविड-19 से दोबारा संक्रमित होने की संभावना नहीं है।

***इस पूरे डॉक्युमेंट में जहाँ पर भी "टीका" लिखा है, वहाँ हम उन सभी टीकों की बात कर रहे हैं जो हेल्थ कनाडा द्वारा लगाए जाने के लिए अनुमोदित किए गए हैं।**

### या मुझे हर साल टीका लगवाना होगा?

- कोविड-19 का टीका नया है, तो अभी तक यह नहीं पता कि लोगों को हर साल टीका लगवाने की ज़रूरत होगी या नहीं। यह निश्चित करने के लिए और शोध किए जाने की ज़रूरत है।

### क्या यह टीका कोविड-19 के म्यूटेशन्स के खिलाफ़ भी प्रभावी है?

- वैज्ञानिक अभी भी यह जानने की कोशिश में हैं कि क्या टीके कोविड-19 के म्यूटेशन्स के खिलाफ़ भी प्रभावी हैं। अभी तक वे प्रभावी साबित हुए हैं और यह सभी आम कोविड-19 के प्रकारों के लिए आशाजनक लगता है।
- यह ज़रूरी है कि ज़्यादा से ज़्यादा लोग टीका लगवाएं जिससे वायरस को फैलने से रोका जा सके, क्योंकि फैलने से इसके नए म्यूटेशन्स बढ़ने लगेंगे।

### हम किस उम्र पर टीका लगवाने के लिए अपनी स्वीकृति दे सकते हैं? अगर मैं नाबालिग हूँ तो क्या होगा?

- ओंटारिओ में स्वास्थ्य देखभाल के लिए स्वीकृति कि कोई उम्र नहीं है (स्वास्थ्य देखभाल स्वीकृति अधिनियम 1996)। कोई भी सक्षम व्यक्ति कोविड-19 का टीका लेने समेत स्वास्थ्य देखभाल के लिए स्वीकृति दे सकता है। यदि कोई स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर आपको कोविड-19 का टीका लेने की स्वीकृति देने में असमर्थ पाता है, तो एक कानूनी रूप से अधिकृत वैकल्पिक निर्णयकर्ता आपके लिए सहमति प्रदान कर सकता है। हालांकि, यदि कोई मतभेद है, और आप एक नाबालिग हैं लेकिन सक्षम हैं, तो आपकी इच्छाओं का सम्मान किया जाएगा। स्वीकृति की क्षमता आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीम द्वारा विशिष्ट उपचार के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

## कोविड-19 के टीके के बारे में कुछ सामान्य गलतफहमियाँ क्या हैं?

| | |
|---|---|
| **दावा** | कोविड-19 के टीके में ट्रैकिंग के लिए माइक्रोचिप या नैनोट्रांसड्यूसर्स “nanotransducers” लगे हुए हैं। |
| **तथ्य** | टीके में कोई माइक्रोचिप नहीं लगी है और टीका किसी को ट्रैक या उनकी निजी जानकारी एकत्रित नहीं करेगा। |

| | |
|---|---|
| **दावा** | कोविड-19 के टीके में मरक्यूरी (पारा) है। |
| **तथ्य** | अनुमोदित कोविड-19 के टीकों के घटक में पारा नहीं है। आप ओंटारिओ सरकार की “कोविड-19 टीकाकरण सुरक्षा” वेबसाईट पर जाकर टीके के घटक जान सकते हैं: covid-19.ontario.ca/covid-19-vaccine-safety#vaccine-ingredients-and-how-they-work |

| | |
|---|---|
| **दावा** | कोविड-19 का टीका मेरे DNA में परिवर्तन कर देगा। |
| **तथ्य** | यह टीका केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगा और आपके शरीर को एंटीबॉडी बनाना सिखाएगा। यह आपके DNA पर प्रभाव नहीं डालेगा और उसे बदलेगा नहीं। |

*(पेज 7 पर जारी)*

*इस पूरे डॉक्युमेंट में जहाँ पर भी “टीका” लिखा है, वहाँ हम उन सभी टीकों की बात कर रहे हैं जो हेल्थ कनाडा द्वारा लगाए जाने के लिए अनुमोदित किए गए हैं।

*पेज 6 से जारी*

| | |
|---|---|
| **दावा** | कोविड-19 के टीके से मानसिक या तंत्रिका संबंधी (दिमाग की) बीमारियाँ हो सकती हैं। |
| **तथ्य** | इसका कोई सबूत नहीं है कि टीके किसी भी मानसिक या तंत्रिका संबंधी बीमारियों का कारण बनते हैं। |
| **दावा[** | कोविड-19 के टीके से बांझपन और गर्भपात होता है। |
| **तथ्य** | कोविड-19 के टीके और बांझपन और गर्भपात के बीच कोई संबंध ही नहीं है। |
| **दावा** | कोविड-19 का टीका लगवाने के बाद अपको मास्क पहनने की कोई ज़रूरत नहीं है। |
| **तथ्य** | सभी लोगों को टीका लगने में काफी समय लगेगा। जब तक अधिकतर लोगों को टीका नहीं लग जाता, तब तक कोविड-19 का वायरस फिर भी फैल सकता है। टीका लगवाने के बाद भी आपको सार्वजनिक स्वास्थ्य निर्देशों (जैसे सामाजिक दूरी बनाए रखना, मास्क पहनना, और अपने हाथ धोते रहना) का पालन करना होगा। |
| **दावा** | आप तब तक इन्तज़ार कर सकते हैं जब तक हर्ड इम्यूनिटी (सामूहिक प्रतिरोधक क्षमता) ना बन जाए। |
| **तथ्य** | कोविड-19 और इसका टीका दोनों ही नए हैं। हमें यह नहीं पता कि जो लोग संक्रमित हो चुके हैं या जिन्हें टीका लग चुका है, वे कितने समय के लिए सुरक्षित हैं। जो बात हमें मालूम है, वह यह है कि कोविड-19 ने बहुत सारे लोगों को बहुत गंभीर रूप से बीमार किया है और इस के कारण कई जानें गई हैं। यदि आपको कोविड-19 हो जाता है, तो आपके द्वारा आपके प्रियजनों को भी इस से संक्रमित होने का खतरा है, जो बहुत बीमार पड़ सकते हैं। कोविड-19 का टीका लगवाना सबसे सुरक्षित विकल्प है। |
| **दावा** | टीका कोविड-19 का उपचार है। |
| **तथ्य** | टीका निवारण का एक उपाय है, कोविड-19 का उपचार नहीं है। टीका लगवाने से आपके कोविड-19 की वजह से बीमार पड़ने का खतरा कम हो जाएगा। |
| **दावा** | टीके से बेल्स पॅल्सी (Bell's palsy) हो जाएगा। |
| **तथ्य** | जिन लोगों को बेल्स पॅल्सी हो चुका है वे लोग टीका लगवा सकते हैं। बेल्स पॅल्सी के जो मामले सामने आए थे वे कोविड-19 के टीके से संबंधित नहीं पाए गए। |
| **दावा** | कुछ टीके अन्य टीकों से कम प्रभावी हैं। |
| **तथ्य** | हालांकि कुछ टीकों को लोगों में कोविड-19 वायरस को सामान्य रूप से रोकने में अधिक प्रभावी पाया गया है, लेकिन सभी अनुमोदित टीके कोविड-19 से होने वाली मृत्यु और अस्पताल में भर्ती होने से रोकने में 100% प्रभावी हैं। इसका मतलब यह है कि टीका आपकी कोविड-19 के सबसे खराब लक्षणों से रक्षा करेगा। |

**नए प्रश्न उठने के साथ-साथ इस FAQ को अपडेट किया जाएगा। कृपया बीच-बीच में देखते रहें।**

## नोट्स

यदि आपके कोई प्रश्न हैं तो, कृपया अपने डॉक्टर से बात करें।

यह जानकारी पत्र उन लोगों के प्रयोजन के लिए संसाधन नहीं है, जिन्हें कोविड-19 जाँच करवानी है या जो लोग मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से गुज़र रहे हैं। यदि आप अपने मानसिक स्वास्थ्य में कोई परेशानी महसूस कर रहे हैं तो तुरंत 911 को कॉल करें या अपने नज़दीकी आपातकालीन विभाग में जाएं।

अधिक जानकारी के लिए, **www.camh.ca/covid19** देखें

**CAMH के अज़रीली वयस्क तंत्रिकाविकास केंद्र** (Azrieli Adult Neurodevelopmental Centre) **की स्वीकृति से रूपांतरित किया गया**

CV780/ 05-2021